रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०१/२०१९ - एन टी पी सी - CEN 01/2019 - NTPC

RRB NTPC 2019 CBT-2 Level 4

Non-Technical Popular Categories | CEN 01/2019 | CBT-2 | Pay Level 4

HINDI ANSWER KEY

Official Answer Key

Complete Paper · 10-05-2022

Questions	120
Marking	+1 correct / -1/3 wrong
Duration	90 minutes
Sections	Maths 35 · Reasoning 35 · GA 50

Every paper is set out as the official RRB response sheet, typed from the saved paper, with the official answer key marked. No candidate details are included.

HOW TO USE THIS BOOK

1. Open the INDEX on the next page.
2. Click any row to jump straight to that date and shift.
3. The correct option is ticked in green; the other options are crossed in red.
4. Use the bookmarks panel of your PDF reader to move between shifts.

Blackbook

Score & Rank Calculator · rank.qmaths.in

Compiled 02 November 2026

INDEX · Click any row to open that paper

RRB NTPC 2019 CBT-2 Level 4 (Hindi) · 1 shifts

DAY	DATE	SHIFT	TIME	PAGE
Day 1	**10-05-2022**	Shift 1	10:30 - 12:00	**3**

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०१/२०१९ - एन टी पी सी - CEN 01/2019 - NTPC

Test Date	10/05/2022
Test Time	10:30 AM - 12:00 PM
Subject	NTPC

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

Section : **NTPC**

Q.1 मान लीजिए N वह छोटी से छोटी संख्या है जिसे 15, 25, 35, 40 और 42 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 1 प्राप्त होता है और N, 271 से विभाज्य है। N के अंकों का योग क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 14
- ✗ B. 17
- ✓ C. 13
- ✗ D. 18

Q.2 छह व्यक्ति - A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के परितः केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। C, D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A, D के ठीक बगल में बैठा है। F, A के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
C के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. F
- ✗ B. B
- ✗ C. E
- ✓ D. A

Q.3 नमक एकाधिकार को समाप्त करने के लिए महात्मा गांधी ने _____ की ओर प्रस्थान कर नमक सत्याग्रह का आरंभ किया था।

Ans
- ✗ A. साबरमती
- ✗ B. सूरत
- ✗ C. दिल्ली
- ✓ D. दांडी

Q.4 इनमें से किसे 'एन.एस.जी. काउंटर-आई.ई.डी. और काउंटर-टेररिज्म इनोवेटर अवार्ड 2021 (NSG Counter-IED and Counter-Terrorism Innovator Award 2021)' से सम्मानित किया गया है?

Ans
- ✗ A. शिशिर सिन्हा
- ✗ B. के. कृष्णैया (K Krishnaiah)
- ✗ C. मनोज चौधरी
- ✓ D. शैलेश गणपुले (Shailesh Ganpule)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.5 4 km/h की चाल से चल रहा एक लड़का किसी वर्गाकार मैदान को विकर्णतः 36 सेकंड में पार करता है। मैदान का क्षेत्रफल (m^2 में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\frac{800}{\sqrt{2}}$

✓ B. 800

✗ C. $800\sqrt{2}$

✗ D. 1600

Q.6 दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथन का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

भारत एक बहुभाषी देश है।

निष्कर्ष:

I. सभी भारतीय एक से अधिक भाषाएं बोल सकते हैं।

II. हर देश में कई भाषाएं होती हैं।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✓ B. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

✗ C. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

✗ D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Q.7 आनुवंशिकी का जनक किसे कहा जाता है?

Ans

✗ A. चार्ल्स डार्विन

✗ B. ईपी ओडम

✓ C. ग्रेगर मेंडल

✗ D. रॉबर्ट हुक

Q.8 _____ मध्य अफ्रीका, मूल रूप से कांगो के मूल निवासी शिकारी समुदाय का एक समूह है।

Ans

✗ A. ऐनु

✓ B. पिग्मी

✗ C. किरगिज़

✗ D. बेडौइन

Q.9 चार संख्या-युग्म दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी तरह से संगत हैं और एक असंगत है। असंगत का चयन कीजिए।

Ans

✗ A. 125 : 343

✗ B. 64 : 216

✗ C. 216 : 512

✓ D. 343 : 728

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.10 यदि 'P&Q' का अर्थ है - 'P, Q का पुत्र है', और 'P$Q' का अर्थ है - 'P, Q की बहन है', तो निम्नलिखित में से किस व्यंजक का अर्थ है - 'Y, Z की मां है'?

Ans

✗ A. X&Y$Z

✗ B. Z$Y&X

✓ C. Z&Y$X

✗ D. X$Y&Z

Q.11 निम्न व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

$$4\frac{1}{3} \div \left[2\frac{2}{3} - \frac{1}{3} \times \left(4\frac{1}{2} - 3\frac{1}{3}\right)\right]$$

Ans

✗ A. $1\frac{1}{25}$

✗ B. $1\frac{14}{25}$

✓ C. $1\frac{37}{41}$

✗ D. $1\frac{2}{5}$

Q.12 _____, व्हील्स के चारों ओर लिपटा हुआ एक पतली चुंबकीय परत युक्त प्लास्टिक का एक टुकड़ा है, जिस पर अनुक्रमिक अभिगम (sequential access) की सुविधा मौजूद होती है और इसे प्रायः बड़ी मात्रा में डेटा का बैक अप लेने के लिए प्रयोग किया जाता है।

Ans

✗ A. एस॰एस॰डी॰ (SSD)

✗ B. डी-रैम (DRAM)

✓ C. मैग्नेटिक टेप (Magnetic tape)

✗ D. हार्ड डिस्क (Hard disk)

Q.13 निम्न में से किसकी तरंगदैर्घ्य सबसे कम होती है?

Ans

✗ A. अवरक्त किरणों

✗ B. X-किरणों

✓ C. गामा किरणों

✗ D. दृश्य- किरणों

Q.14 राम और रहीम के पास कुल ₹1,210 हैं। यदि राम की धनराशि का $\frac{1}{3}$, रहीम की धनराशि के $\frac{2}{5}$ के बराबर है, तो रहीम के पास कितनी धनराशि (₹ में) है?

Ans

✓ A. 550

✗ B. 560

✗ C. 650

✗ D. 660

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.15 नई दिल्ली में स्थित लाल किला परिसर को वर्ष _____ में यूनेस्को (UNESCO) की विश्व विरासत/धरोहर सूची में शामिल किया गया था।

Ans

✗ A. 2010

✓ B. 2007

✗ C. 2000

✗ D. 2005

Q.16 सरल कीजिए।

$$[(7 \times 9) + (3 \times 8) + 3] \div [(9 \times 4) + (72 \div 8)]$$

Ans

✓ A. 2

✗ B. 3

✗ C. 5

✗ D. 4

Q.17 _____ द्वारा नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को भारतीय संविधान में शामिल किया गया था।

Ans

✓ A. 42वां संशोधन अधिनियम

✗ B. 51वां संशोधन अधिनियम

✗ C. 23वां संशोधन अधिनियम

✗ D. पहला संशोधन अधिनियम

Q.18 भारतीय संसद ने नागरिकता अधिनियम किस वर्ष पारित किया था?

Ans

✓ A. 1955

✗ B. 1953

✗ C. 1959

✗ D. 1956

Q.19 16 फरवरी 2021 को नगोज़ी ओकोन्जो-इवीला (Ngozi Okonjo-Iweala) को विश्व व्यापार संगठन (WTO) के सातवें महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। वे किस देश से संबंधित हैं?

Ans

✓ A. नाइजीरिया

✗ B. केन्या

✗ C. यूगांडा

✗ D. ज़ाम्बिया

Q.20 यदि $\sin\theta = \frac{4}{5}$ है, और $0^\circ < \theta < 90^\circ$ है, तो

$\frac{3\tan\theta - 5\cos\theta}{3\sec\theta - 4\cot\theta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 1

✗ B. $\frac{1}{4}$

✗ C. 0

✓ D. $\frac{1}{2}$

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.21 भारत के निम्नलिखित में से किस पड़ोसी देश का क्षेत्रफल सबसे अधिक है?

Ans

✗ A. पाकिस्तान

✗ B. म्यांमार

✓ C. चीन

✗ D. बांग्लादेश

Q.22 सुनील बिंदु R से चलना शुरू करता है। वह पश्चिम की ओर 28 m चलता है, फिर दाएं मुड़ता है और 20 m चलकर बिंदु M पर पहुंचता है। फिर वह बाएं मुड़कर 30 m चलता है, फिर बाएं मुड़ता है और 28 m चलकर बिंदु S पर पहुंचता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है और 48 m चलकर बिंदु Z पर पहुंचता है।
बिंदु R के सापेक्ष बिंदु Z किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

Ans

✗ A. दक्षिण

✗ B. उत्तर

✓ C. दक्षिण-पश्चिम

✗ D. उत्तर-पश्चिम

Q.23 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व कितना था?

Ans

✓ A. 382 व्यक्ति/km^2

✗ B. 250 व्यक्ति/km^2

✗ C. 324 व्यक्ति/km^2

✗ D. 470 व्यक्ति/km^2

Q.24 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी फार्मासिस्ट सांख्यिकीविद हैं।

कुछ सांख्यिकीविद गणितज्ञ हैं।

निष्कर्ष:

I. सभी फार्मासिस्ट गणितज्ञ हैं।

II. कुछ फार्मासिस्ट गणितज्ञ हैं।

III. कुछ गणितज्ञ सांख्यिकीविद हैं।

IV. कुछ सांख्यिकीविद फार्मासिस्ट हैं।

Ans

✗ A. निष्कर्ष II और III दोनों पालन करते हैं।

✗ B. निष्कर्ष IV और I दोनों पालन करते हैं।

✓ C. निष्कर्ष III और IV दोनों पालन करते हैं।

✗ D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.25 निम्न में से किस कुंजी (key) का उपयोग एम.एस.-वर्ड (MS-Word) में नया पैराग्राफ बनाने के लिए किया जाता है?

Ans

✔ A. एंटर (Enter)

✘ B. स्पेसबार (Spacebar)

✘ C. इस्केप (Esc)

✘ D. कंट्रोल (Ctrl)

Q.26 छह व्यक्तियों - C, D, E, K, L और M में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। E केवल L से छोटा है। केवल एक व्यक्ति C से छोटा है। K, D से छोटा है, किंतु M से लंबा है। उनमें से कितने व्यक्ति K से छोटे हैं?

Ans

✘ A. तीन

✘ B. एक

✔ C. दो

✘ D. तीन से अधिक

Q.27 एक शंकु की तिर्यक ऊंचाई 32 m है और इसके आधार का व्यास 48 m है। शंकु का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [$\pi = \frac{22}{7}$ मान लीजिए]

Ans

✘ A. 4424 m^2

✔ B. 4224 m^2

✘ C. $12067\frac{4}{7}$ m^2

✘ D. $12077\frac{4}{7}$ m^2

Q.28 कृतिका ने निधि को 25% की वार्षिक ब्याज दर पर ₹64,000 एक वर्ष के लिए उधार दिए, जिस पर ब्याज की गणना अर्ध-वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है। निधि द्वारा भुगतान किए जाने वाले ब्याज की राशि ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. ₹17,200

✔ B. ₹17,000

✘ C. ₹17,100

✘ D. ₹17,300

Q.29 अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने विधि के _____ स्रोतों का उल्लेख किया है।

Ans

✘ A. सात

✔ B. चार

✘ C. दो

✘ D. ग्यारह

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.30 रवीश ने एक पुस्तक का $\frac{4}{5}$ भाग पढ़ा है, जबकि सोमा जो पुस्तक पढ़ रही है, उसने उस पुस्तक का केवल $\frac{5}{8}$ भाग पढ़ा है। हालांकि उनमें से प्रत्येक को अपनी-अपनी पुस्तकों के 120 पृष्ठ पढ़ने अभी शेष हैं। सोमा ने रवीश द्वारा पढ़े गए पृष्ठों की संख्या का कितना हिस्सा पढ़ा है?

Ans

✗ A. $\frac{7}{12}$

✗ B. $\frac{1}{2}$

✗ C. $\frac{25}{32}$

✓ D. $\frac{5}{12}$

Q.31 छह मित्र एक वृत्ताकार व्यवस्था में केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। वीना और साध्वी पूजा के ठीक बगल में बैठी हैं। अनिल और गुना गिरी के ठीक बगल में बैठे हैं। अनिल, वीना के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। वीना के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा/बैठी है?

Ans

✗ A. साध्वी

✗ B. गुना

✓ C. पूजा

✗ D. अनिल

Q.32 जुलाई 2021 में, एस.एन. घोरमडे ने इनमें से कौन सा पदभार संभाला?

Ans

✗ A. वायु संचालन महानिदेशक

✗ B. एकीकृत रक्षा स्टाफ के उप प्रमुख

✗ C. वायु सेना प्रमुख

✓ D. नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख

Q.33 प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम वर्ष ____ में पारित किया गया था।

Ans

✗ A. 1902

✗ B. 1905

✗ C. 1901

✓ D. 1904

Q.34 मैलपिगी नलिकाएं (Malpighian tubules) निम्न में से किसमें पाई जाती हैं?

Ans

✗ A. एनेलिडा (Annelida)

✗ B. एकीनोडरमाटा (Echinodermata)

✗ C. कॉर्डेटा (Chordata)

✓ D. आर्थ्रोपोडा (Arthropoda)

Q.35 यदि 21 फरवरी, 2005 को रविवार था, तो 21 फरवरी, 2007 को सप्ताह का कौन सा दिन होगा?

Ans

✗ A. सोमवार

✗ B. बुधवार

✓ C. मंगलवार

✗ D. गुरुवार

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.36 'क्लियर लाइट ऑफ डे' नामक पुस्तक का लेखन_____ ने किया है।

Ans

✗ A. किरण देसाई

✗ B. निकिता लालवानी

✓ C. अनीता देसाई

✗ D. झुम्पा लाहिड़ी

Q.37 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत ग्राम पंचायत का गठन किया गया है?

Ans

✗ A. अनुच्छेद 39

✗ B. अनुच्छेद 38

✓ C. अनुच्छेद 40

✗ D. अनुच्छेद 37

Q.38 1683, 2244 और 5049 का महत्तम समापवर्तक (HCF) x है। x के अंकों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 15

✗ B. 13

✓ C. 12

✗ D. 11

Q.39 अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

_ BCD _ _ ABC _ _ E _ BC _ _ _ ABC _ DE

Ans

✓ A. ADEDDADDED

✗ B. AADEDDDDED

✗ C. ADDADDEDDE

✗ D. ADEADDEDDD

Q.40 यूरो निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय समूह की सामान्य मुद्रा है?

Ans

✓ A. यूरोपीय संघ

✗ B. खाड़ी सहयोग परिषद

✗ C. दक्षिण एशियाई देशों के संघ

✗ D. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ

Q.41 A, B और C एक काम को क्रमशः 12, 16 और 24 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B और C ने एकसाथ 4 दिन तक काम किया, फिर C काम छोड़कर चला गया, जिसके स्थान पर A आ गया। शेष काम कितने दिनों में पूरा होगा?

Ans

✗ A. 2 दिन

✗ B. 3 दिन

✗ C. 5 दिन

✓ D. 4 दिन

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.42 किसी पर्वताग्र (mountain front) के साथ जलोढ़ पंख को जोड़ने की श्रृंखला क्या कहलाती है?

Ans

✔ A. बजडा (bajada)

✘ B. मेसा (mesa)

✘ C. बाढ़ से प्रभावित होने वाली ज़मीन (floodplain)

✘ D. बौमा अनुक्रम (Bouma sequence)

Q.43 पुनीत, कमर, रोहित, शीतल, ताबिर और उमेश एक बहुमंजिला इमारत में रहते हैं। कमर उस मंजिल के ठीक नीचे वाली मंजिल पर रहता है, जिस पर उमेश रहता है। शीतल उस मंजिल के ठीक नीचे वाली मंजिल पर रहती है, जिस पर कमर रहता है। ताबिर उन मंजिलों से नीचे की किसी एक मंजिल पर रहता है, जिन पर कमर और शीतल रहते हैं, लेकिन वह उस मंजिल से ऊपर की किसी एक मंजिल पर रहता है, जिस पर पुनीत रहता है। ताबिर उस मंजिल के ठीक नीचे वाली मंजिल पर रहता है, जिस पर रोहित रहता है। रोहित उस मंजिल के ठीक नीचे वाली मंजिल पर रहता है, जिस पर शीतल रहती है। सबसे ऊपर वाली मंजिल पर कौन रहता है?

Ans

✘ A. पुनीत

✔ B. उमेश

✘ C. शीतल

✘ D. कमर

Q.44 आठ व्यक्ति M, N, P, S, T, V, X और Y एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं और सभी का मुख उत्तर की ओर है। M पंक्ति के किसी एक सिरे से दूसरे स्थान पर बैठा है। M और N के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P, N के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। P के दाईं ओर जितने व्यक्ति बैठे हैं, उतने ही व्यक्ति S के बाईं ओर बैठे हैं, S और T के बीच तीन से अधिक व्यक्ति बैठे हैं। V, X के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है।
Y के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans

✘ A. X

✔ B. V

✘ C. T

✘ D. P

Q.45 शब्द 'CLUSTERS' में ऐसे कितने अक्षर-युग्म (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में) मौजूद हैं, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में हैं?

Ans

✘ A. 2

✘ B. 1

✔ C. 3

✘ D. 0

Q.46 हिमालय पर्वत शृंखला एक प्रकार का _____ है।

Ans

✘ A. भ्रंशोत्थ पर्वत

✔ B. वलित पर्वत

✘ C. ज्वालामुखी पर्वत

✘ D. अवशिष्ट पर्वत

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.47 वर्ष 2018 में, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, भारत किस वर्ष तक सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के उपयोग से मुक्ति पा लेगा?

Ans

✔ A. 2022

✘ B. 2020

✘ C. 2021

✘ D. 2023

Q.48 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, JUG का LSI से वही संबंध है, जो WIN का YGP से है। उसी पैटर्न का पालन करते हुए, APT का _____ से समान संबंध है।

Ans

✘ A. CRR

✘ B. CNR

✘ C. CRV

✔ D. CNV

Q.49 दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों - 1 और 2 में बैठे हैं। A, B, C, D और E पंक्ति 1 में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं, और V, W, X, Y और Z पंक्ति 2 में दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं, इस प्रकार पंक्ति 1 में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुख, पंक्ति 2 में बैठे एक सदस्य की ओर है।
A पंक्ति के दाएं सिरे से दूसरे स्थान पर बैठा है। W का मुख A के ठीक बगल में बैठे व्यक्ति की ओर है। X, W के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। X की ओर मुख करके बैठा व्यक्ति, B के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। B और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। V, Y के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। D पंक्ति के किसी भी सिरे पर नहीं बैठा है।
इनमें से कौन Z के ठीक सामने बैठा है?

Ans

✘ A. D

✘ B. C

✘ C. E

✔ D. B

Q.50 एक मेज पर एक कार्यशील घड़ी इस प्रकार रखी गई है, कि 9.00 p.m. बजे इसकी घंटे की सुई उत्तर दिशा की ओर इंगित कर रही है। यदि इस घड़ी की स्थिति समान बनी रहती है, तो 2.00 a.m. बजे इसकी मिनट की सुई किस दिशा की ओर इंगित करेगी?

Ans

✔ A. पूर्व

✘ B. उत्तर

✘ C. दक्षिण

✘ D. पश्चिम

Q.51 एक निश्चित काम को करने के लिए, A, B और C की क्षमताओं का अनुपात 3 : 5 : 8 है। एकसाथ काम करते हुए, वे इस काम को 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। यदि केवल A और B, एकसाथ 12 दिनों तक काम करने के बाद काम छोड़ देते हैं, तो शेष काम अकेले C द्वारा कितने दिनों में पूरा कर लिया जाएगा?

Ans

✘ A. 10

✔ B. 18

✘ C. 15

✘ D. 12

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.52 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

0, 1, 2, 5, 26, ?

Ans

✗ A. 69

✗ B. 475

✗ C. 27

✓ D. 677

Q.53 एक निश्चित कूट भाषा में LOCAL को MADOM लिखा जाता है और GLOBAL को HMACOM लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में ROMAN को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✓ A. SANOO

✗ B. SONAM

✗ C. SANAM

✗ D. SPNOM

Q.54 किसी व्यक्ति को एक कुर्सी ₹2,858.77 में बेचकर 27% का लाभ होता है। कुर्सी का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. ₹2,251

✗ B. ₹2,250

✗ C. ₹2,151

✗ D. ₹2,150

Q.55 दिए गए विकल्पों में से कौन सा वह लगभग निकटतम मान है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

6.05 - 15.95 ÷ 3.95 + 2.99 × 7.04 = ?

Ans

✗ A. 30

✓ B. 23

✗ C. 18

✗ D. 13

Q.56 15 फरवरी 2021 को निम्न में से किस लेखक को सैंक्चुअरी लाइफटाइम सर्विस अवार्ड (Sanctuary Lifetime Service Award) 2020 से सम्मानित किया गया था?

Ans

✗ A. विक्रम सेठ

✗ B. शशि थरूर

✗ C. अरुंधति रॉय

✓ D. एस थिओडोर भास्करन

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में,
'heard their voice' को 'nu ca es' लिखा जाता है,
'their car was heard' को 'hy ta es nu' लिखा जाता है,
'voice was heard' को 'es ta ca' लिखा जाता है।
(नोट: सभी कूट शब्द केवल दो अक्षर वाले कूटशब्द हैं)
दी गई कूट भाषा में 'heard car' के लिए संभावित कूट शब्द क्या है?

Ans
✗ A. es ta
✗ B. nu hy
✗ C. ta ca
✓ D. hy es

Q.58 वी.आर. चौधरी को सितंबर 2021 में किस पद पर नियुक्त किया गया?

Ans
✗ A. एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ
✗ B. वायु संचालन महानिदेशक
✗ C. कार्मिक प्रभारी वायु अधिकारी
✓ D. वायु सेना प्रमुख

Q.59 आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार, उक्त वर्ष के दौरान _____ क्षेत्र ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में सर्वाधिक योगदान दिया।

Ans
✗ A. कृषि
✗ B. चिकित्सा
✗ C. शिक्षा
✓ D. सेवा

Q.60 8 पेनों को ₹75 में बेचने पर, एक दुकानदार को 25% की हानि होती है। 24% का लाभ प्राप्त करने के लिए उसे ₹372 में कितने पेन बेचने चाहिए?

Ans
✗ A. 30
✗ B. 20
✗ C. 18
✓ D. 24

Q.61 k वह बड़ी से बड़ी संख्या है, जिससे 2996, 4752 और 7825 को विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में प्राप्त शेषफल बराबर होता है। k के अंकों का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 120
✗ B. 84
✓ C. 108
✗ D. 72

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.62 यदि 8-अंकीय संख्या 256139A4, 11 से विभाज्य है, तो A का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 9

✗ B. 7

✓ C. 8

✗ D. 6

Q.63 $\frac{12-[(3-5)\times4]\div8-8+[6\div(12\times2)]}{9\times15\div(12\times10)-[12\div(6\times2)]}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\frac{3}{4}$

✗ B. $\frac{21}{17}$

✓ C. 42

✗ D. 48

Q.64 किसी गोले में एक बेलन अंतर्निहित है। गोले की त्रिज्या बेलन की ऊंचाई की $\frac{5}{6}$ गुनी है। बेलन के आयतन और गोले के आयतन का अनुपात ज्ञात करें।

Ans

✗ A. 27:50

✗ B. 36:25

✓ C. 72:125

✗ D. 6:5

Q.65 एक वर्ग का क्षेत्रफल $81x^2$ +72x +16 है। वर्ग की प्रत्येक भुजा का माप ज्ञात कीजिए, जहां x > 0 है।

Ans

✗ A. $2\left(\frac{9x}{2}+1\right)$

✗ B. $\left(\frac{9x}{2}+2\right)$

✗ C. 9x + 2

✓ D. $2\left(\frac{9x}{2}+2\right)$

Q.66 दिए गए प्रत्येक संख्या-समूह में, '=' (बराबर चिह्न) के दाईं ओर मौजूद संख्या, '=' (बराबर चिह्न) के बाईं ओर मौजूद दो संख्याओं पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके प्राप्त की जाती है। तीनों संख्या-समूहों में समान पैटर्न का पालन किया जाता है। दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो तीसरे संख्या-समूह में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

12, 33 = 57

10, 28 = 48

14, 39 = ?

Ans

✗ A. 71

✗ B. 61

✓ C. 67

✗ D. 57

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.67 गंगा नदी निम्नलिखित में से किस राज्य से नहीं गुजरती है?

Ans

✔ A. मध्य प्रदेश

✘ B. उत्तराखंड

✘ C. बिहार

✘ D. उत्तर प्रदेश

Q.68 राम और दीप्ति में से प्रत्येक ने ₹8,000 की राशि 30% चक्रवृद्धि ब्याज दर पर दो वर्ष की अवधि के लिए निवेशित की। राम के लिए ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है, जबकि दीप्ति के लिए ब्याज की गणना 8-मासिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है। दो वर्ष की अवधि के अंत में दीप्ति को ब्याज के रूप में राम की तुलना में कितनी राशि अधिक प्राप्त होगी?

Ans

✘ A. ₹320

✘ B. ₹312

✘ C. ₹296

✔ D. ₹304

Q.69 रुचिरा को एक कार्य 22 दिन में पूरा करना था। हालांकि, पहले 10 दिन के दौरान, उसने प्रतिदिन कार्य का केवल $\frac{1}{30}$ भाग ही पूरा किया। रुचिरा को 11वें दिन से प्रतिदिन कितना कार्य करना होगा, ताकि कार्य समय पर पूरा हो जाए?

Ans

✘ A. $\frac{3}{44}$

✘ B. $\frac{1}{19}$

✔ C. $\frac{1}{18}$

✘ D. $\frac{2}{39}$

Q.70 निम्नलिखित में से कौन सा, सोवियत के बाद, मुख्य रूप से पूर्वी यूरोप, पश्चिमी एशिया और मध्य एशिया में स्थित राज्यों का एक आर्थिक संघ है?

Ans

✘ A. एंडियन समुदाय

✘ B. यूरोपीय संघ

✔ C. यूरेशियन आर्थिक संघ

✘ D. कैरिकॉम (CARICOM) सिंगल मार्केट एंड इकोनॉमी

Q.71 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

AEJOT, XBGLQ, UYDIN, ?

Ans

✘ A. RVBFJ

✘ B. RUBDG

✘ C. RVBGJ

✔ D. RVAFK

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.72 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का सबसे कम जनसंख्या वाला जिला इनमें से किस राज्य में स्थित है?

Ans
- ✗ A. असम
- ✗ B. हिमाचल प्रदेश
- ✗ C. उत्तराखंड
- ✓ D. अरुणाचल प्रदेश

Q.73 कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन ने किस पद को गढ़ा, जिसका अर्थ पारिस्थितिक और सामाजिक हानि के बिना उत्पादकता में निरंतर सुधार करना है?

Ans
- ✗ A. फॉर्म-फ्रेश क्रांति (Farm-fresh Revolution)
- ✓ B. सदाबहार क्रांति (Evergreen Revolution)
- ✗ C. सदैव क्रांति (Forever Revolution)
- ✗ D. हरित क्रांति (Green Revolution)

Q.74 निम्न में से किसका उपयोग खाद्य उद्योग में केक, मफिन और कुकीज जैसे सेंके हुए (baked) खाद्य पदार्थों में रासायनिक किण्वन कर्मक (leavening agent) के रूप में किया जाता है?

Ans
- ✗ A. सोडियम सल्फ़ेट
- ✗ B. सोडियम क्लोराइड
- ✗ C. कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड
- ✓ D. सोडियम बाइकार्बोनेट

Q.75 उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है और दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है।

HTWCGY : WTHCGY :: ALTMHY : TLAMHY :: LGETDR : ?

Ans
- ✓ A. EGLTDR
- ✗ B. RDTEGL
- ✗ C. EGLRTD
- ✗ D. EGTLDR

Q.76 शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद की गणना _____ से मूल्यह्रास घटाकर की जा सकती है।

Ans
- ✗ A. प्रत्यक्ष कर
- ✓ B. सकल राष्ट्रीय उत्पाद
- ✗ C. राष्ट्रीय आय
- ✗ D. सकल घरेलू उत्पाद

Q.77 उस समद्विबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसका आधार 54 cm और प्रत्येक बराबर भुजा की लंबाई 45 cm है।

Ans
- ✗ A. 1620 cm^2
- ✓ B. 972 cm^2
- ✗ C. 1944 cm^2
- ✗ D. 1215 cm^2

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.78 एक व्यक्ति 50 km/h, k km/h और 25 km/h की चाल से क्रमशः 250 km, 120 km और 50 km की दूरी तय करता है। यदि पूरी यात्रा में उसकी औसत चाल 42 km/h है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. 40

✘ B. 36

✘ C. 35

✘ D. 45

Q.79 निम्न में से किस मिट्टी के कणों का आकार सबसे छोटा होता है?

Ans

✘ A. रेत (Sand)

✘ B. कंकड़ (Pebble)

✘ C. गाद (Silt)

✔ D. क्ले (Clay)

Q.80 संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 2020 के अंत तक _____ विश्व का सबसे बड़ा प्रवासी जनसमूह देश है।

Ans

✘ A. सिंगापुर

✘ B. चीन

✘ C. दक्षिण अफ्रीका

✔ D. भारत

Q.81 दी गई संख्या K से 10 कम, दी गई संख्या K से 10 अधिक, और दी गई संख्या K से 38 अधिक, वितत समानुपात (continued proportion) में हैं। दी गई संख्या K ज्ञात कीजिए, जहां K > 0 है।

Ans

✘ A. 70

✘ B. 50

✔ C. 60

✘ D. 40

Q.82 निम्न में से कौन-सा तत्व किसी साधारण अर्थव्यवस्था में आय के चक्रीय प्रवाह में शामिल नहीं है?

Ans

✘ A. वस्तु और सेवा

✔ B. मूल्यह्रास

✘ C. कारक भुगतान

✘ D. खर्च

Q.83 दिए गए अंक-अक्षर-प्रतीक अनुक्रम का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएं)6 $ + S r 3 B 6 A * ? # c < Z R & d & G ! q(दाएं)

यदि दिए गए अनुक्रम को उल्टे क्रम में लिखा जाए, तो कौन सा घटक दाएं सिरे से 8वें घटक के बाईं ओर 5वें स्थान पर होगा?

Ans

✘ A. B

✘ B. Z

✔ C. c

✘ D. +

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.84 नववर्ष को अलग-अलग भागों में विभिन्न नामों से मनाया जाता है:

1. नवरेह a. मलयाली नववर्ष

2. उगादि b. उड़िया नववर्ष

3. विशु c. तेलुगु नववर्ष

4. पाना संक्रांति d. कश्मीरी हिंदू नववर्ष

निम्नलिखित में से किस विकल्प में इनका सही मिलान प्रस्तुत किया गया है?

Ans

✔ A. 1-d, 2-c, 3-a, 4-b

✘ B. 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

✘ C. 1-b, 2-c, 3-d, 4-a

✘ D. 1-b, 2-a, 3-d, 4-c

Q.85 निम्न में से कौन सी गंगा नदी की सहायक नदी नहीं है?

Ans

✘ A. कोसी

✘ B. सोन

✔ C. सतलुज

✘ D. गंडक

Q.86 दिए गए संख्या-युग्मों में से प्रत्येक में, दूसरी संख्या, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करके प्राप्त की जाती है। निम्नलिखित में से तीन संख्या-युग्म एक समान पैटर्न का पालन करते हैं, और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। उस संख्या-युग्म का चयन करें, जो उस समूह से संबंधित नहीं है।

Ans

✔ A. 333 : 160

✘ B. 869 : 433

✘ C. 127 : 62

✘ D. 473 : 235

Q.87 यदि किसी कूट भाषा में, 'लाल' को 'हरा' कहा जाता है, 'हरा' को 'गुलाबी' कहा जाता है, 'गुलाबी' को 'भूरा' कहा जाता है और 'भूरा' को 'बैंगनी' कहा जाता है, तो ट्रैफिक सिग्नल पर वाहनों को रोकने के लिए किस रंग के प्रकाश का प्रयोग किया जाता है?

Ans

✘ A. भूरा

✔ B. हरा

✘ C. लाल

✘ D. बैंगनी

Q.88 A, B, C, D, J, K, L और M एक वर्गाकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से चार इसके कोनों पर बैठे हैं, जबकि अन्य चार एक-एक भुजा के ठीक मध्य में बैठे हैं।
D मेज के किसी एक कोने पर बैठा है। D और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M, B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। K, M के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। A, B के ठीक बगल में नहीं बैठा है। A और L के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

Ans

✘ A. L

✘ B. C

✘ C. A

✔ D. D

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.89 शंभू महाराज, निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से संबंधित एक प्रसिद्ध व्यक्ति थे?

Ans
✔ A. कथक
✘ B. मणिपुरी
✘ C. ओडिसी
✘ D. कथकली

Q.90 एक निश्चित कूट भाषा में
'get ready now' को 'li ah tc' लिखा जाता है,
'ready for vacation' को 'cs li pa' लिखा जाता है,
'travel for work now' को 'pa vj ah rb' लिखा जाता है।
(नोट: सभी कूट शब्द केवल दो अक्षर वाले कूटशब्द हैं)

उसी कूट भाषा में 'travel' को किस प्रकार लिखा जाता है?

Ans
✔ A. या तो 'vj' या 'rb'
✘ B. या तो 'pa' या 'cs'
✘ C. ah
✘ D. pa

Q.91 37, 85, 65 और 23 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 55
✘ B. 47.5
✔ C. 52.5
✘ D. 50

Q.92 शुभम ने वार्षिक परीक्षा में 600 में से 345 अंक प्राप्त किए। परीक्षा में उसके द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 57.25%
✘ B. 58.25%
✔ C. 57.5%
✘ D. 58.5%

Q.93 'अलकप (Alkap)' झारखंड और _____ के कुछ हिस्सों में प्रचलित एक ग्रामीण नृत्य-नाटक प्रदर्शन है।

Ans
✘ A. छत्तीसगढ
✘ B. राजस्थान
✔ C. पश्चिम बंगाल
✘ D. गुजरात

Q.94 2021 ASBC एशियाई युवा और जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत ने कितने पदक जीते थे?

Ans
✘ A. 36
✔ B. 39
✘ C. 35
✘ D. 40

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.95 निम्न व्यंजक को सरल कीजिए।

$$81.7100 + 198.0020 - 2071.1985 + 9.0900 + 1591.42$$

Ans
✔ A. −190.9765
✘ B. 190.9865
✘ C. −190.9865
✘ D. −190.8765

Q.96 1955 में, ग्राम और लघु-उद्योग समिति, जिसे _____ भी कहा जाता है, ने ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए लघु उद्योगों के उपयोग की संभावना पर ध्यान दिया था।

Ans
✔ A. कर्वे समिति
✘ B. गांधी समिति
✘ C. नरसिम्हम समिति
✘ D. नेहरू समिति

Q.97 निम्नलिखित में से कौन सा एक धनुर्वाद्य यंत्र है जिसे एक भारतीय संगीतज्ञ पंडित राम नारायण, ने प्रचलित किया और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित की?

Ans
✘ A. गिटार
✘ B. मैंडोलिन
✘ C. वीणा
✔ D. सारंगी

Q.98 कविता ने ₹4,000 की एक धनराशि 6.25% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर दो वर्ष के लिए बैंक में जमा की। दो वर्ष की अवधि के बाद कविता को प्राप्त होने वाला मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. ₹4,625
✘ B. ₹4,400
✘ C. ₹4,475
✔ D. ₹4,500

Q.99 हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयागराज में वर्ष ____ में प्रयाग संगीत समिति की स्थापना की गई थी।

Ans
✘ A. 1952
✔ B. 1926
✘ C. 1915
✘ D. 1901

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.100 दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकते हैं या स्वतंत्र कारणों या किसी एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प इन दोनों कथनों के बीच के संबंध को सही ढंग से दर्शाता है?

कथन:

I शिक्षकों और छात्रों वाली स्कूल बस समय पर स्कूल नहीं पहुंच सकी।

II सड़क पर हुए एक बड़े हादसे की वजह से यातायात बाधित हो गया था।

Ans

✗ A. यदि कथन I कारण है, तो कथन II इसका प्रभाव हो सकता है

✓ B. यदि कथन II कारण है, तो कथन I इसका प्रभाव हो सकता है

✗ C. कथन I और II दोनों किसी उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हो सकते हैं

✗ D. कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं

Q.101 दिए गए प्रत्येक संख्या-समूह में, '=' (बराबर चिह्न) के दाईं ओर मौजूद संख्या, '=' (बराबर चिह्न) के बाईं ओर मौजूद दो संख्याओं पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके प्राप्त की जाती है। तीनों संख्या-समूहों में समान पैटर्न का पालन किया जाता है। दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो तीसरे संख्या-समूह में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

8, 35 = 29

10, 48 = 52

12, 57 = ?

Ans

✗ A. 67

✓ B. 87

✗ C. 95

✗ D. 75

Q.102 किसी समूहीकृत आंकड़ों के बहुलक और माध्य क्रमशः 27.5 और 28.5 हैं। अनुभवजन्य संबंध (empirical relation) का उपयोग करते हुए, माध्यिका का दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 28.17

✗ B. 9.83

✗ C. 19.83

✗ D. 27.17

Q.103 एक संख्या में $\frac{23}{3}$ जोड़ने पर वह $\frac{25}{6}$ हो जाती है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $-\frac{11}{3}$

✗ B. $\frac{11}{3}$

✓ C. $-\frac{7}{2}$

✗ D. $\frac{7}{2}$

Q.104 भागीरथी नदी पर बना टिहरी बांध निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

Ans

✗ A. सिक्किम

✗ B. हिमाचल प्रदेश

✓ C. उत्तराखंड

✗ D. उत्तर प्रदेश

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.105 मार्च 2021 में किस भारतीय मुक्केबाज/बॉक्सर को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (AIBA) चैंपियंस और वेटरंस कमेटी का अध्यक्ष चुना गया?

Ans

✔ A. मैरी कॉम

✗ B. मोहम्मद अली कमर

✗ C. विजेंद्र सिंह

✗ D. देवेंद्रो सिंह

Q.106 10 और 22 के बीच की सभी अभाज्य संख्याओं का माध्य कितना होगा?

Ans

✔ A. 15

✗ B. 13

✗ C. 14

✗ D. 16

Q.107 आलोक एक कक्षा में शीर्ष से 19वें स्थान पर था और नीचे से 38वें स्थान पर था। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans

✔ A. 56

✗ B. 55

✗ C. 46

✗ D. 57

Q.108 यदि कोई व्यक्ति अपनी सामान्य चाल की $\frac{7}{8}$ चाल से चलता है, तो वह अपने कार्यालय सामान्य समय से 20 मिनट की देरी से पहुंचता है। उसके द्वारा लिया जाने वाला सामान्य समय (मिनट में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 100

✔ B. 140

✗ C. 160

✗ D. 120

Q.109 अमित की वर्षगांठ 16 अप्रैल 2021 को शनिवार के दिन थी। उसकी पत्नी की वर्षगांठ को, जो 3 जून 2021 को थी, कौन सा दिन था?

Ans

✗ A. सोमवार

✗ B. रविवार

✗ C. मंगलवार

✔ D. शुक्रवार

Q.110 भारत में, किसी राज्य की न्यायिक सेवा में जिला न्यायाधीशों के अलावा अन्य व्यक्तियों की नियुक्ति _____ द्वारा की जाती है।

Ans

✗ A. भारत के राष्ट्रपति

✗ B. प्रधानमंत्री

✔ C. राज्य के राज्यपाल

✗ D. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.111 एक आयत का विकर्ण 53 cm और क्षेत्रफल 1260 cm^2 है। आयत का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 152
- ✓ B. 146
- ✗ C. 144
- ✗ D. 148

Q.112 एक समलंब चतुर्भुज की समानांतर भुजाओं के एक युग्म की लंबाई 18 cm और 15 cm है, और इन दोनों भुजाओं के बीच की लंबवत दूरी 12 cm है। समलंब चतुर्भुज का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 396
- ✗ B. 99
- ✓ C. 198
- ✗ D. 297

Q.113 अलग-अलग लंबाई वाले पांच बच्चों (K, L, O, M, N) के एक समूह में, K सबसे लंबा है, जबकि L सबसे छोटा है। O उस समूह का दूसरा सबसे छोटा बच्चा है। M, N से लंबा है। उनमें से तीसरा सबसे लंबा बच्चा कौन है?

Ans
- ✗ A. M
- ✗ B. O
- ✓ C. N
- ✗ D. L

Q.114 चोल वंश के शिलालेखों के अनुसार, _____ भूमि वह होती थी जो मंदिरों को भेंट की जाती थी।

Ans
- ✓ A. तिरुनामट्टुक्कनी
- ✗ B. शालभोग
- ✗ C. वेल्लनवागी
- ✗ D. ब्रह्मदेय

Q.115 रमा को याद है कि वह शनिवार को अपने भाई से मिली थी, जो किसी महीने के 20वें दिन के बाद का दिन था। यदि उस महीने का पहला दिन मंगलवार था, तो रमा किस तिथि को अपने भाई से मिली थी?

Ans
- ✗ A. 24
- ✓ B. 26
- ✗ C. 23
- ✗ D. 25

Q.116 एक गोले की त्रिज्या 8 cm है। एक ठोस बेलन के आधार की त्रिज्या 4 cm और ऊंचाई h cm है। यदि बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल, गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल का आधा है, तो बेलन की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 9 cm
- ✓ B. 12 cm
- ✗ C. 15 cm
- ✗ D. 10 cm

Q.117 वर्ष _____ में पुणे, सतारा और महाराष्ट्र के अन्य जिलों में परमहंस मंडली का गठन किया गया था।

Ans
- ✗ A. 1839
- ✗ B. 1809
- ✗ C. 1829
- ✓ D. 1849

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.118 एकाधिकार नामक बाजार संरचना वहां मौजूद होती है, जहां किसी बाजार में _____ होता/होती/होते है/हैं।

Ans

✗ A. कोई विक्रेता नहीं

✗ B. शीर्ष ब्रांडों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा

✗ C. कई क्रेता

✓ D. केवल एक विक्रेता

Q.119 पीएम नरेंद्र मोदी ने हरित ऊर्जा स्रोतों से हाइड्रोजन उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन की घोषणा कब की?

Ans


✗ A. जनवरी 2021

✗ B. मई 2021

✗ C. नवंबर 2021

✓ D. अगस्त 2021

Q.120 निम्नांकित बार ग्राफ एक दिए गए वर्ष के दौरान दो कंपनियों (A और B) द्वारा विभिन्न मदों पर किए गए व्ययों (हजारों में) को दर्शाता है।



[संदर्भ - Company - कंपनी, Salary - वेतन, Tax - कर, Transport - परिवहन, Infrastructure - इंफ्रास्ट्रक्चर, Expansion - विस्तार, Advertising - विज्ञापन, miscellaneous - विविध]

दोनों कंपनियों द्वारा कुल मिलाकर वेतन पर किया गया व्यय, उनके द्वारा कुल मिलाकर इंफ्रास्ट्रक्चर पर किए गए व्यय के लगभग कितने प्रतिशत के बराबर था?

Ans

✗ A. 57%

✗ B. 29%

✓ C. 76%

✗ D. 95%

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play